निबंधन एवं शर्तें

वरिष्ठ परामर्शदाता – टीकाकरण : (दो पद)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केन्द्र (एनएचएसआरसी) नई दिल्ली स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पद के लिए पूर्णतया अनुबंध के आधार पर योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिका एवं उत्तरदायित्व

1. राज्यों व साझेदारों के साथ यूआईपी के आवंटित विषय, घटकों की निगरानी व मूल्यांकन, शीत श्रृंखला एईएफआई, स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण की समीक्षा व समन्वयन में प्रतिरक्षण प्रभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को सहयोग करना।
2. प्रतिरक्षण प्रभाग के विभिन्न क्रियाकलापों के लिए प्रतिरक्षण प्रभाग को तकनीकी प्रबंधनात्मक सहायता प्रदान करना।
3. टीका भंडार, शीत श्रृंखला सामग्री व प्रशिक्षण से जुड़ी निगरानी व समीक्षा तंत्र की स्थापना में प्रतिरक्षण प्रभाग की सहायता करना। वैश्विक प्रतिरक्षण कार्यक्रम (यूआईपी) की निगरानी व मूल्यांकन तथा राष्ट्रीय व उप-राष्ट्रीय स्तरों पर कार्यकलापों के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों तथा राज्य के अधिकारियों को फीडबैक प्रदान करना।
4. मिशन इंद्रधनुष का कार्यान्वयन व समीक्षा।
5. जापानी इंसेफेलाइटिस टीका अभियान की योजना व कार्यान्वयन।
6. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना तैयार करने तथा समीक्षा करने में राज्यों की सहायता करना।
7. एईएफआई निगरानी कार्यक्रम का कार्यान्वयन तथा नियमित निगरानी।
8. टीकाकरण से जुड़ी गतिविधियों के लिए आईईसी सामग्री तैयार करने व प्रचार प्रसार हेतु तकनीकी सहायता प्रदान करना।
9. देश में टीकाकरण कवरेज में सुधार करने के लिए नेमी और नयी वेक्सीनों, कार्यक्रम क्रियान्वयन और नीति से संबंधित मामलों पर तकनीकी दिशानिर्देश और प्रोटोकॉल विकसित करना ।
10. नए टीके आरंभ करने हेतु तकनीकी प्रबंधनात्मक क्षमता में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को सहायता करना ।
11. वैश्विक प्रतिरक्षण कार्यक्रम कार्यान्वयन हेतु टीका आवश्यकताओं का अनुमान लगाना।
12. टीकाकरण कार्यक्रम की योजना बनाने और क्रियान्वयन की निगरानी करने तथा उचित स्तरों पर प्रतिक्रिया देने के लिए क्षेत्रीय दौरे करना।
13. विभिन्न फोरमों में प्रतिरक्षण कार्यक्रम की समीक्षा हेतु वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों व स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री के लिए फीडबैक तैयार करना।
14. कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन और टीकाकरण कवरेज में सुधार करने में राज्य से संपर्क करना।
15. तकनीकी विशेषज्ञ समितियो की बैठकें आयोजित करना और समन्यवयन करना। बैठकों के कार्यवृत्त तैयार करना तथा कार्य मदों पर तत्पश्चात अनुवर्ती कार्रवाई करना।
16. कार्यक्रम के निष्पादन में सुधार लाने के लिए भागीदारों और हितधारकों के साथ समन्वयन।
17. पर्यवेक्षक द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य/गतिविधि करना।

अहर्ताएं:

1. एमबीबीएस सहित समुदाय मेडिसिन/निवारणात्मक व सामाजिक मेडिसीन/सामाजिक व निवाराणात्मक मेडिसीन/समुदाय स्वास्थ्य प्रशासन में एमडी/डीएनबी ।
2. न्यूनतम 5 वर्ष से अधिक अनुभव जिसमें से आरसीएच/प्रतिरक्षण में 1 वर्ष का संगत अनुभव । ऐसे अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी जिनके पास आरसीएच/प्रतिरक्षण कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर पर अनुभव हो।
3. जन स्वास्थ्य प्रणाली तथा संगत सरकारी नीतियों/कार्यनीतियोंविशेषरूप से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और टीकाकरण के क्षेत्र में अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी।

4. एमएस वर्ड, एक्सल, पावर प्वॉइट व वेब सर्फिंग जैसे सामान्य रूप से उपयोग किए जाने वाले पैकेजों सहित कप्यूटर में निपुणता।
5. उत्कृष्ट संचार और प्रस्तुतीकरण कौशल, अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल। हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय है।
6. बहु-विषयक दल माहौल में कार्य करने की प्रदर्शन क्षमता।
7. क्षेत्रीय स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रचालित करने/जिला स्तरीय स्वास्थ्य प्रणालियों के सुदृढ़ीकरण में कार्य करने का प्रदर्शन अनुभव।
8. तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्यों और जिलों की यात्रा करने और सौंपे गए कार्यों को समय-सीमा में पूरा करने के लिए एक साथ विभिन्न कार्य करने की क्षमता।
9. उच्च कोटि के प्रकाशित कार्य या विशिष्ट क्षेत्र में संगत कार्यानुभव होने पर औपचारिक शैक्षिक अर्हता, अनुभव और आयु में छूट दी जा सकती है।

वांछनीय :

1. राष्ट्रीय स्तर पर टीकाकरण के क्षेत्र में न्यूनतम 1 वर्ष का कार्य अनुभव।

आयु: आवेदन की अंतिम तिथि को 55 वर्श तथा अत्यधिक फील्ड दौरे करने हेतु अच्छा स्वास्थ्य होना चाहिए।

पारिश्रमिक: प्रतिमाह 90,000 रुपए से 1,30,000 रुपये के बीच।

स्थान : नई दिल्ली, राज्यों और जिलों में भ्रमण अपेक्षित हैं।

आवेदन करने के लिए: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **17-Oct-2017 अपराह्न 4 बजे तक** mohfw.recruitment@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।